प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 12.02.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्र सरकार ने झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा से होकर गुजरने वाली डंकुनी–सूरत समर्पित माल ढुलाई गलियारे के शीघ्र कार्यान्वयन की कार्रवाई शुरू की।
- राज्य के सभी 48 नगर निकायों में होने वाले चुनाव के लिए प्रचार अभियान चरम पर, उम्मीदवारों ने घर–घर जनसंपर्क अभियान किया तेज, प्रत्याशी जारी कर रहे संकल्प पत्र।
- झारखंड एटीएस ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उभर रहे खतरनाक सिंथेटिक ड्रग 'साइक्लोर्फिन' को लेकर जारी किया अलर्ट।
- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आड्रे हाउस में सीएमएस वातावरण फिल्म महोत्सव का किया उद्घाटन, कहा– महोत्सव झारखंड की पारिस्थितिकी को केंद्र में करेगा स्थापित।
- उत्तर–पश्चिम भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण झारखंड के मौसम में उतार–चढ़ाव जारी, अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री गिरावट का अनुमान।

****

भारतीय रेलवे ने हाल ही में घोषित डंकुनी–सूरत समर्पित माल ढुलाई गलियारे के शीघ्र कार्यान्वयन की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस गलियारे के कार्यान्वयन की घोषणा इस वर्ष केंद्रीय बजट में की गई थी। प्रस्तावित नया गलियारा लगभग दो हजार एक सौ किलोमीटर लंबा होगा और डंकुनी से सूरत तक पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओड़िशा, महाराष्ट्र और गुजरात से होकर गुजरेगा। यह गलियारा देश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों के बीच माल ढुलाई में सुधार करेगा।

****

राज्य के 48 नगर निकायों में होने वाले चुनावों के लिए प्रचार अभियान अब चरम पर है। जामताड़ा जिले में उम्मीदवारों ने घर–घर जाकर जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

****

हजारीबाग जिले में भाजपा समर्थित उम्मीदवार सुदेश कुमार ने नगर निकाय चुनाव को लेकर अपना संकल्प पत्र जारी किया है। संकल्प पत्र में बुनियादी समस्याओं को दूर करने संबंधी 21 मुद्दों को शामिल किया है। इस दौरान हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही विधायक मनोज यादव ने सुदेश कुमार को विजय बनाने की अपील की।

****

भाजपा के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्य निर्वाचन आयुक्त से मुलाकात कर लातेहार में नगर निकाय चुनाव में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की।

****

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए में दस से अधिक मामले लंबित रहने पर झारखंड समेत सत्रह राज्यों को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने गृह मंत्रालय की रिपोर्ट पर राज्यों से जवाब मांगा है। अदालत ने राज्यों के मुख्य सचिवों को तीन सप्ताह के भीतर रिपोर्ट पर जवाब देने और ऐसे मामलों में त्वरित सुनवाई तथा न्याय सुनिश्चित करने के लिए एनआईए की विशेष अदालतों की स्थापना करने को कहा है।

****

भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में राहुल गांधी के खिलाफ सब्सटेंसिव मोशन पेश किया। संसद के बाहर श्री दुबे ने कहा कि प्रस्ताव में उन्होंने राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने और उन्हें आजीवन चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

****

झारखंड एटीएस ने राज्य के सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से उभर रहे खतरनाक सिंथेटिक ड्रग 'साइक्लोर्फिन' को लेकर अलर्ट जारी किया है। पुलिस इकाइयों को कहा गया है कि

इस ड्रग से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल जानकारी एनसीबी को दी जाए। गौरतलब है कि साइक्लोर्फिन एक शक्तिशाली सिंथेटिक नशीला पदार्थ है।

****

झारखंड में धान की अच्छी पैदावार के बावजूद राज्य सरकार लक्ष्य के अनुरूप धान अधिप्राप्ति नहीं कर पा रही है। धान खरीद की धीमी प्रगति पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि इसके पीछे का मुख्य कारण एमएसपी का कम होना है।

****

देवघर में महाशिवरात्रि पर पर्यटन विभाग की ओर से शिव बारात झांकी निकाली जाएगी। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि शिव बारात में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया गया है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के ऑड्रे हाउस में आज दो दिवसीय सीएमएस वातावरण फिल्म महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने भारत के हरित भविष्य में राज्य की भूमिका पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि यह महोत्सव सिनेमा के माध्यम से झारखंड की पारिस्थितिकी को केंद्र में लाने का कार्य करेगा।

****

और संक्षिप्त खबरें

- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने "वतन को जानो" कार्यक्रम के तहत जम्मू–कश्मीर से आए प्रतिभागियों को संबोधित किया और राष्ट्रीय एकता, संवाद और भावनात्मक समरसता पर बल दिया।

- वरिष्ठ वैज्ञानिक जी.वी.के. सुब्रमण्यम ने आज मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को स्वदेशी तकनीक से विकसित अत्याधुनिक कैंसर उपचार मशीन की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कैंसर मरीजों को झारखंड में ही अत्याधुनिक उपचार सुविधा उपलब्ध करायेगी।

- पाकुड जिले के सदर प्रखंड के मनीरामपुर गांव में विधायक निशात आलम ने 55 लाख रुपए की राशि से बनने वाले स्वास्थ्य उप केंद्र का शिलान्यास किया।

****

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की कमी आने की संभावना जताई है। विभाग ने बताया कि उत्तर–पश्चिम भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण राज्य के मौसम में यह परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

*******समाप्त********